# इंडियन स्कूल सलालाह
## सत्रांत परीक्षा, मार्च - 2019
### कक्षा- IX

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देशः-**

**(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – क, ख, ग, घ।**

**(ii) चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

---

**(खण्ड – क)**

**01. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

बचपन में शरारतों का अपना ही महत्त्व होता है । वह बचपन ही क्या जो शरारतों से भरा न हो, बचपन और शरारतों का चोली-दामन का संबंध है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा होगा जिसका बचपन शरारतों के साथ न गुज़रा हो। शरारतें भी ऐसी कि जिसे यदि आज याद किया जाए तो हमारे यौवन को भी शर्म लगे। मेंढक पकड़कर साथी की जेब में डालना, पेड़ पर चढ़कर टहनी को तेज़ी से हिलाकर राहगीर को भिगो देना, बस्ते को जानबूझकर भिगोकर पाठशाला न जाने के बहाने करना, पानी भरे गड्ढों से ही गुज़रना, ऐसी शरारतों की सूची काफी लंबी हो सकती है। किंतु ये सारी शरारतें केवल बचपन की ही देन हैं। हमारा यौवन तो इस तरह की शरारतें करने के लिए गवाही नहीं देता। कोमल मन की कोमल भावनाओं से भरा हमारा बचपन आज भी हमारे ही भीतर है। पर हम हैं कि उसे बाहर ही नहीं आने देते। आज हम जब बच्चों को उस तरह की शरारतें करते देखते हैं, तब एक बार लगता है कि बच्चे यह क्या कर रहे हैं पर तभी हमारे भीतर से आवाज़ आती है कि क्या तुमने यह सब नहीं किया?

**प्रश्नः-**

क. बचपन और शरारतों का क्या संबंध है? 2

ख. बचपन कैसा होना चाहिए? 2

ग. आज जब हम बच्चों को शरारत करते देखते हैं तो क्या सोचने लगते हैं और क्या ऐसा सोचना उचित है? 2

घ. गद्यांश में बचपन में की जाने वाली कौन-सी शरारतों का जिक्र हुआ है? 2

ङ. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

**02. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

मत काटो तुम ये पेड़, हैं यह लज्जावसन
इस माँ वसुंघरा के, इस संहार के बाद
अशोक की तरह सचमुच, तुम बहुत पछताओगे
बोलो फिर किसकी गोद में, सिर छिपाओगे
शीतल छाया फिर कहाँ से पाओगे?
कहाँ से पाओगे फिर फल?
कहाँ से मिलेगा
शस्य-श्यामला को सींचने वाला जल?
रेगिस्तानों में तबदील हो जाएँगे खेत
बरसेंगे कहाँ से घुमड़कर बादल?
थके हुए मुसाफिर
पाएँगे कहाँ से श्रमहारी छाया?

**प्रश्नः-**

क. वृक्षों का क्या महत्त्व है? 2

ख. अशोक कौन था उसे बाद में क्यों पछताना पड़ा? 2

ग. वृक्ष काटने के क्या-क्या परिणाम होते हैं? 2

**(खण्ड – ख)**

**03. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिएः- 2**

व्यावहारिक, उपनेता

**04. i) उचित स्थान पर अनुस्वार ( ) लगाकर शब्दों को पुनः लिखिएः- 1**

घमड, वसुधरा

**ii) उचित स्थान पर अनुनासिक ( ) लगाकर शब्दों को पुनः लिखिएः- 1**

आचल, छाव

**05. उचित स्थानों पर नुक्ता लगाकर शब्दों को पुनः लिखिएः- 1**

जलील, पढाई

**06.** **i) निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द एवं उपसर्ग अलग करके लिखिएः-** **1**

सुकोमल, अनमोल

**ii) निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द एवं प्रत्यय अलग करके लिखिएः-** **2**

अकेलापन, पर्वतीय

**07.** **i) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिएः-** **2**

विद्या + आलय, रमा + ईश

**ii) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिएः-** **2**

एकैक, महैश्वर्य

**08.** **उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाकर वाक्यों को पुनः लिखिएः-** **3**

क. राजकुमारी ने कहा मैं पालकी में बैठूँगी

ख. वे होनहार साहसी और मिलनसार व्यक्ति थे

ग. आज मैं लिखते लिखते थक गया

**(खण्ड – ग)**

**09.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **2+2+1=5**

क) चलते-पुरजे लोग साधारण आदमी की किस अवस्था का लाभ उठाते हैं?

ख) कीचड़ के प्रति किसी को सहानुभूति क्यों नहीं होती?

ग) लेखक अतिथि को कैसी बिदाई देना चाहता था?

10. कौन-सा आघात अप्रत्याशित था और उसका लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा? इसके बाद लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए? 5

(अथवा)

“आज के समाज में धर्म और ईमान के नाम पर किए जाने वाले भीषण व्यापार को कैसे रोका जा सकता है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**11.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **2+2+1=5**

क) नए बस्ते इलाकों में कवि अकसर रास्ता क्यों भूल जाता है?

ख) ‘अग्निपथ’ कविता का मूलभाव संक्षेप में लिखिए।

ग) जहाँ अगरबत्तियाँ बनती हैं, वहाँ का माहौल कैसा होता है?

12. रैदास के पदों के आधार पर रैदास की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए। 5

(अथवा)

"आदमीनामा" कविता के आधार पर आदमी के सकारात्मक और नकारात्मक रूपों का तुलनात्मक प्रस्तुतीकरण कीजिए।

13. दिए जल उठे पाठ के आधार पर महि नदी के किनारे का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। 5

(अथवा)

स्मृति पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने किस विश्वास के साथ कुएँ में उतरने को ठान लिया? कुएँ में उतरने के बाद उसकी योजनाएँ विफल क्यों हुई? आखिर उसने चिट्ठियाँ कैसे प्राप्त की?

**खण्ड - घ**

**14. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिएः-** **5**

**क) भ्रष्टाचार**

- भ्रष्टाचार का अर्थ
- भ्रष्टाचार के कारण
- भ्रष्टाचार से निवारण

**ख) मोबाइल फोन - लाभ और हानि**

- भूमिका
- मोबाईल से लाभ और हानि
- निष्कर्ष

**ग) मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना**

- भारत में विभिन्न धर्म
- राजनीति द्वारा धर्मों का उपयोग
- साम्प्रदायिक सौहार्द

15. माता-पिता की आज्ञा मानने की सलाह देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए। **5**

(अथवा)

समाज सेवा करने की प्रेरणा देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

**16. निम्नलिखित चित्र को देखकर अपने मन में उभरने वाले विचारों को 50 शब्दों में लिखिएः-** **5**



17. देश में बढ़ रही गरीबी के संबंध में दो मित्रों के बीच लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए। 5

**अथवा**

विदेश जाकर नौकरी करने के इच्छुक हरीश और अपने देश में रहकर देश की सेवा करने के लिए सलाह देनेवा

18. बाज़ार में नई आई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

अपने शहर में लगनेवाले घरेलु फर्निचर मेले के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

-----------------------------